# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, mail id- dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in/ )

क्रमांक 1255 / संचा.–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 01/07/2025

प्रति,

**सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर. विभाग,
महानदी भवन मंत्रालय, नवा रायपुर

**विषय–** **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 953 अतारांकित द्वारा श्री दलेश्वर साहू, सदस्य विधानसभा की जानकारी अग्राहय / संशोधन कराने के संबंध में।**

कृपया विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न क्रमांक 953 अतारांकित द्वारा श्री दलेश्वर साहू, सदस्य विधानसभा में पूछे गये प्रश्न में राजनांदगांव में मिलर्स के साथ धान उठाव हेतु अनुबंध के संबंध में वर्षवार, मिलरवार, मात्रावार, राशिवार जानकारी चाही गई है। जो जानकारी अंत्यत विस्तृत होगी। विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के अध्याय 7 कंडिका 36 (16) में प्रावधान है कि उसमें ऐसे नीति के प्रश्न नहीं उठाये जायेंगे जो इतनी विस्तीर्ण हो की प्रश्न उत्तर की सीमा के भीतर न आ सके।

अतः उपरोक्त विधानसभा प्रश्न को अग्राह्य / संशोधन कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**
**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

01/07/25
**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर.
संचालनालय, नया रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **11/07/2025**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **18/07/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **राजनांदगांव में मिलर्स के साथ धान उठाव हेतु अनुबंध**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **953** ) **श्रीदलेश्वर साहू**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

क्या वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक जिला राजनांदगांव में मिलर्स को धान उठाव हेतु अनुबंधित किया गया है? यदि हॉ तो किन-किन मिलर्स को कितनी मात्रा का डिलीवरी आर्डर (डीओ) कब-कब प्रदान किया गया है एवं उक्त डीओ के आधार पर कितना चावल मिलर्स द्वारा कब-कब जमा किया गया है? मिलर्स द्वारा धान के उठाव के विरूद्ध चावल जमा नहीं किये जाने पर क्या कार्यवाही की गयी है? धान परिवहन हेतु कितने ठेकेदार पंजीकृत हैं एवं डीएमओ द्वारा कितनी राशि का भुगतान किया गया है? वर्षवार, मिलरवार, मात्रावार, राशिवार, जानकारी देवें?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 01/07/2025 11:26:02 |

**Remark :**